<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 2158

24 दिसंबर, 2018 को उत्तर के लिए

इस्पात की खराब गुणवत्ता

2158. श्री राजेश वर्माः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में कथित रूप से खराब गुणवत्ता वाले इस्पात की आपूर्ति की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो कंपनी-वार आपूर्ति का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा उक्त कंपनियों के विरुद्ध की गई सुधारात्मक कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क) से (ग): देश में गुणवत्तापूर्ण इस्पात का उत्पादन और उपभोग सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार ने उन्नत और संशोधित इस्पात गुणवत्ता नियंत्रण आदेश नामतः इस्पात और इस्पात उत्पाद (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2018 दिनांक 13 अगस्त 2018 को एस.ओ. 3966(ई) द्वारा जारी किया है, जिसमें 53 उत्पाद (47 कार्बन/अलॉय इस्पात और 6 स्टेनलेस इस्पात उत्पाद) शामिल हैं, जबकि 16 नए स्तर शामिल किए गए। गुणवत्ता नियंत्रण आदेश ऐसे उत्पादों के निर्माण, आयात, बिक्री, नियुक्तियों और पट्टों पर रोक लगाता है, जब तक कि वह निर्धारित स्तर सुनिश्चित न करे। गुणवत्ता नियंत्रण आदेश सुनिश्चित करने के लिए निगरानी तंत्र भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के बीआईएस एक्ट, 2016 में निहित है। बीआईएस यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार इस बात की निगरानी रखता है कि देश में कोई भी अवस्तरीय इस्पात का निर्माण, आयात और बिक्री न हो।

*****